तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

12 तीनों बेटियां देवी का रूप, जिला अस्पताल ...



12 कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया पीएम श्री एमजीएम...





## खबर संक्षेप

### रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाइन की मिली स्वीकृति



जगदलपुर। रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाइन स्वीकृति की जानकारी पत्र के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बस्तर सांसद महेश कश्यप को दी है। बस्तर सांसद के द्वारा बस्तर में रेल सुविधाओं सहित रेल लाइन परियोजनाओ को लेकर संसद में सवाल किया गया था रेल मंत्री से मुलाकात कर साथ ही पत्र के माध्यम से भी सांसद ने बस्तर के रेल सुविधा से उन्हें अवगत कराया था। बस्तर सांसद द्वारा रेल मंत्री को लिखे गए पत्र को केंद्रीय रेल मंत्री ने संज्ञान में लेते हुए उस लंबित कार्य को पूरा किया है । रेल मंत्री वैष्णव ने बस्तर सांसद को पत्र लिखकर इस नई रेल लाइन की स्वीकृति की जानकारी दी है।

### साईं राम स्वामी के दिव्य रथ का किया स्वागत



जगदलपुर। श्री साईं राम स्वामी के दिव्य रथ का गुरूवार की शाम को शहर के धरमपुरा में भाटागुड़ा चौक, आन्या कालोनी में भव्य स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया गया, मोतीतालाब पारा के मंदिर में श्रद्धालुओं ने भजन, आरती किया। शुक्रवार को ओमकारम, सुप्रभातम, नगर संकीर्तन, आरती किया जाएगा।

### विद्यार्थियों ने पुसपाल एवं ककनार घाटी का किया भ्रमण



जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के भूगोल अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने पुष्पाल घाटी एवं ककनार घाटी पर्यटन स्थल का भौगोलिक भ्रमण किया। स्टूडेंट्स ने भवरदीघ नदी का इंद्रावती नदी में संगम को देखा। डॉ. राकेश कुमार खरवार ने बताया कि पठारी क्षेत्र में भवरदीघ नदी इंद्रवती नदी के समानांतर प्रवाहित होने के कारण इस नदी का बहाव कम हो गया है। यह नदी छोटे-छोटे वितरिकाओं के बीच में बोल्डर और रेत को जमा कर दिया है। इस कारण दोनों नदियों के बीच में एक द्वाब क्षेत्र का निर्माण हुआ हैं। इस वजह से संगम स्थल का प्राकृतिक सौंदर्य और आकर्षक हो गया है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ककनार गांव के निवासियों के सामाजिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं के साथ-साथ उनके बसावट प्रतिरूपों का भी अध्ययन किया। आईआईसी के निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सजीवन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण कार्यक्रम में भूगोल विभाग की फैकल्टी गौरी देवांगन, हिंदी विभाग के डॉ. रविन्द्र कुमार यादव, डॉ मनीषा यादव एवं भूगोल विभाग के कई विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### 1229 अभ्यर्थियों ने पीएटी व पीवीपीटी की दी परीक्षा



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज पीएटी अर्थात प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट एवं पीव्हीपीटी अर्थात प्री-वेटरनरी पॉलीटेक्निक टेस्ट का आयोजन किया गया। शहर के 5 परीक्षा केन्द्रों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित टेस्ट में पंजीकृत 1801 अभ्यर्थियों में 1229 अभ्यर्थी शामिल हुए और 572 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। बताया जा रहा है कि राज्य के विभिन्न ▶▶ शेष पेज 12 पर

# बिजली बिल पटाने अब नहीं जाना पड़ेगा 20 किमी दूर, तुमनार में डीसी कार्यालय शुरू

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के ग्राम तुमनार में विद्युत कंपनी का विद्युत वितरण केन्द्र का कार्यालय नहीं होने के चलते गांव और आसपास ग्राम के उपभोक्ताओं को शिकायत के अलावा बिजली बिल एवं अन्य देयकों का भुगतान के लिए गांव से लगभग 20 किमी दूर गीदम स्थित विद्युत कार्यालय जाना पड़ता था। कंपनी के कार्यपालक निदेशक ईडी ने हॉल ही में उपभोक्ताओं की मांग पर ग्राम तुमनार में विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय शुरू किया। ग्रामीणों ने कंपनी के ईडी को धन्यवाद दिया और कहा कि अब उन्हें बिजली से संबंधित शिकायत एवं बिल का भुगतान के लिए 20 किमी दूर गीदम नहीं जाना पड़ेगा। गांव में लगभग 5504 उपभोक्ता शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उस दिन कंपनी के ईडी ने बीजापुर जिले के कुटरू गांव में 3166 उपभोक्ताओं के लिए भी विद्युत वितरण केन्द्र का कार्यालय शुरू किया। दोनों कार्यालय शुरू के दौरान अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, सिविल के कार्यपालन अभियंता नंद कुमार मांझी, कार्यपालन अभियंता, सहायक, कनिष्ठ अभियंता सहित कर्मचारी, ग्रामीण शामिल रहे।

## उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

### ईडी ने उपकेन्द्र निर्माण का किया निरीक्षण

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने अपने बीजापुर जिले के प्रवास के दौरान गंगालूर स्थित निर्माणाधीन उपकेन्द्र का निरीक्षण किया। साथ ही ठेकेदार को कहा कि शीघ्र ही उपकेन्द्र शुरू करें, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा दे सकें।



### शिकायतों का करें तत्काल निराकरण

कंपनी के ईडी ने ग्रामीणों से कहा कि वे बिजली संबंधित बंद एवं भुगतान सहित अन्य शिकायतें कार्यालय में दें। वहीं डीई, एई, जेई को निर्देश दिए कि शिकायतों पर तत्काल निराकरण करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

संगोष्ठी: प्रधानमंत्री की अवधारणा किसी एक पार्टी दल के लिए नहीं यह पूरे देश का अभियान

# चुनाव पर खर्च होते हैं अरबों, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास कार्य हो रहे प्रभावित : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ भाजपा के नेतृत्व में एक राष्ट्र, एक चुनाव संगोष्ठी में एक स्वर में किया समर्थन

एक राष्ट्र एक चुनाव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अवधारणा किसी एक दल और पार्टी के लिए नहीं है, बल्कि यह समूचे देश का अभियान है। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग समय पर देश में लगभग 2 साल तक चुनाव में समय की बर्बादी और कई हजार करोड़ रुपये खर्च होते हैं। यदि एक राष्ट्र एक चुनाव समूचे देश मे एक साथ हो तो अरबों रुपये चुनाव के नाम जो व्यय होता है, उसकी बचत होगी। उसी राशि को देश और प्रदेशों में शिक्षा,स्वास्थ्य, और अधोसरंचना विकास कार्य में खर्च करेंगे तो देश की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। तेजी के साथ देश विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर होगा। यह बात गुरुवार को शहर के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में वन मंत्री केदार कश्यप ने कही।




संगोष्ठी में मंत्री कश्यप मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने लोगों से समर्थन देने की अपील की। इस ज्वलन्त मुद्दे को रेखांकित करते कहा, प्रधानमंत्री की मंशा है कि समूचे देश मे इस विषय पर सामूहिक चर्चा हो,ताकि सभी के सुझाव मिले और एकमत से सबकी सहमति मिले। मंत्री कश्यप ने इस पर और खुलकर कहा अलग-अलग राज्यो में अलग-अलग ▶▶ शेष पेज 12 पर

### 2024 में पूरे देश मे हुए चुनाव में 60 हजार करोड़ रुपये का व्यय

वन मंत्री ने बताया उन्हें यह जानकारी एक रिपोर्ट के माध्यम से मिली कि 2024 में पूरे देश मे हुए विधानसभा, लोकसभा,नगरीय निकाय,पंचायत और सहकारिता व अन्य चुनाव में 60 हजार करोड़ रुपये व्यय हुआ था। इसमे प्रतिदिन 40 से 50 लाख रुपये खर्च हुए। चुनाव में विभिन्न राजनीति दलों का अलग खर्च होता है जो इस सरकारी रिपोर्ट में आंकड़ा सम्मलित नहीं किया गया है।

### शिक्षकों की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका

केदार कश्यप ने कहा कि देश व प्रदेशों में होने वाले विधानसभा, लोकसभा, नगरीय निकाय,पंचायत व अन्य चुनाव में शासन-प्रशासन, पुलिस प्रशासन, फोर्स और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिसमें भी करोड़ों रुपए खर्च होते है। शिक्षकों को अलग-अलग चुनाव के लिए ड्यूटी लगाई जाती है। शिक्षक चुनाव प्रक्रिया से जुड़े होने से बच्चों की पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित होती है। शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाती है।

### इन्होंने भी रखे विचार

संगोष्ठी मं सर्व हिन्दू समाज के जिलाध्यक्ष धर्मचन्द शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे,देवांगन समाज के देवेंद्र देवांगन, बस्तर जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता,उत्कल समाज के जिलाध्यक्ष राजेश दास,आरण्यक ब्राम्हण समाज के देवशंकर पंडा ने एक राष्ट्र एक चुनाव का खुलकर समर्थन करते प्रधानमंत्री के इस अवधारणा को उचित कदम बताया।

# बिना परमिट व फिटनेस के दौड़ रही 6 यात्री बसों पर कसा शिकंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र की भी हो रही जांच कार्रवाई से मचा हड़कंप

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता जगदलपुर प्रभारी की टीम ने हाल ही में बगैर परमिट एवं बिना फिटनेश के संचालित यात्री बसों को सघन जांच कर कार्रवाई की गई। बस्तर संभाग मुख्यालय से रायपुर, ओडीशा, बीजापुर, भोपालपटनम, मददेड़, गीदम, किरंदुल, सुकमा, कोंटा आदि सड़कों में चल रही यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की जांच की। जांच के दौरान आधा दर्जन यात्री बसों पर फिटनेस सर्टिफिकेट एवं परमिट नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की कार्रवाई से बसों के चालकों एवं मालिकों में हड़कंप मच गया। हालांकि यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र की भी जांच की जा रही है।

### परिचालकों के पास नहीं मिला लायसेंस

*बताया जा रहा है कि जांच के दौरान अधिकांश यात्री बसों के परिचालकों के पास लायसेंस नहीं मिलने पर जुर्माना किया गया। साथ ही समझाइश दी गई कि दूसरी बार बिना लायसेंस मिले तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

### उल्लंघन पर होगी सख्ती

*परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक अनिल घरडे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक एवं मालिक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

# बस्तर से चमेली नेताम तीसरी बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित

हारिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छंदबद्ध वृहद हिन्दी व्याकरण (विश्व के व्याकरणों में प्रथम छंदबद्ध रूपांतरित व्याकरण) में अपने सृजन के माध्यम से जगदलपुर के चमेली नेताम ने सहभागिता की जो गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इस ऐतिहासिक पुस्तक का विमोचन राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में हुआ। इसमें हिन्दी व्याकरण को बिना किसी अर्थ परिवर्तन के छंदो में बांधा गया है इस विश्वस्तरीय साझा संकलन जिसको पूर्ण करने में 111 साहित्यकारों ने 117 छंद में अपनी रचना समर्पित की है। जिसमे शामिल सभी साहित्यकारों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस पुस्तक का संपादन इन्द्राणी साहू, पदमा साहू और निरामणि श्रीवास नियति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ



साहित्यकार पी सी लाल यादव, छत्तीसगढी फिल्म उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा, अरुण निगम, महेश शर्मा, कमल शर्मा रामनाथ साहू ननकी व प्रांतीय प्रभारी डॉ. सोनल शर्मा उपस्थित थे। संचालन डॉं ओमकार साहू मृदुल ने किया।

# खिलाड़ियों ने 28 पदकों के साथ रचा इतिहास

हारिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के तत्वावधान में शिलाई में आयोजित 9 वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराते चयन प्रतियोगिता में बस्तर जिला एवं बस्तर मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 28 पदकों के साथ एक नया इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 5 रजत और 16 कांस्य पदक जीतकर बस्तर क्षेत्र को प्रदेशभर में गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक रही, जिसमें बस्तर जिला एवं बस्तर मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन



प्रभावशाली रहा। बस्तर के खिलाड़ियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी बालिका वर्ग में अनमोल गौतम, अमृत कौर सोढ़ी, अनमोल कौर सोढ़ी, साक्षी सिंह चौहान, बालक वर्ग में जे. निविन, वेदांत साहू, दो स्वर्ण काता एवं कुमीते में प्राप्त किया हैं। खिलाड़ियों को प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक और प्रशिक्षक ममता पांडेय और प्रशिक्षक मार्कण्डेय सिंह द्वारा दिया जा रहा हैं।

समाज में मृतकों के कफन दफन को लेकर कलेक्टर से हो चुकी है मुलाकात

# स्थायी कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटित करने मसीह समुदाय मिला एसपी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर जिला के ईसाई समुदाय से जुड़े राजनीतिक नेताओं ने बस्तर में रहने वाले लोगों के स्थानीय निवास ग्राम में कफन दफन विषय को लेकर एसपी से मुलाकात की और अपनी बात रखी ।

स्थायी कब्रस्तान के लिए भूमि आवंटन हेतु एसपी को बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सेमीयल नाथ, कांग्रेस पार्षद सूर्या पानी, पार्षद जोस्टीन भवानी, बस्तर मुक्ति मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष मेहताब सिंह, अनिमेष दास, हिमांशु आनंद, जेवियर जॉन, के आकाश जॉन, दलसाय नाग, भोला शंकर बघेल, अब्राहम ने ज्ञापन सौपा और अपनी बात रखी।

बताया कि आजादी से पूर्व और आजादी के पश्चात भी 2020 तक बस्तर में शांति से ईसाई समुदाय का कफन दफन होते रहा है परंतु विगत 4 वर्षों से कुछ लोगों के राजनीतिक लाभ लेने स्वार्थ के चलते ग्राम पंचायत अधिनियम की



गलत व्याख्या कर मृत्यु के बाद ईसाई धर्म अनुनाइ मृतकों के कफन दफन के कार्य को जबरन रोका जा रहा है यह अमानवीय है । ज्ञापन में बकावंड क्षेत्र के मृतक अजय बघेल के मामलें का उल्लेख किया गया यह बताया गया कि प्रशासन के सहयोग नहीं करने एवं अमानवीय रूप से रोक-टोक के कारण करकापाल कब्र में 140 से अधिक शव दफनाए गए हैं। कब्रिस्तान पूरी तरह भर चुका है। और यह समस्या अब विकराल हो चुकी है।

### एनओसी मांगी गई

*इस तरह बस्तर में ईसाई समुदाय के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। ज्ञापन में ग्राम जाटम में मसीही समुदाय द्वारा 7 एकड़ खरीदे कब्रिस्तान को आज तक 2008 से एनओसी नहीं दिए जाने का जिक्र करते हुए शीघ्र एनओसी मांगा गया ।*

### ये रहे उपस्थित

*अनिमेष दास संभागीय अध्यक्ष इंटर डिनॉमिनेशन यूथ फैलोशिप, सुजीत नाग सचिव इंटर डिनॉमिनेशन यूथ फैलोशिप जिला बस्तर, प्रदीप सूर्या बस्तर मुक्ति मोर्चा महामंत्री, के जॉन आकाश कोषाध्यक्ष बस्तर मुक्ति मोर्चा जिला बस्तर, निशांत स्मिथ जॉन, अब्राहम बेसरा आयुष खेस एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।*

# आखिरकार कठिन परिस्थितियों के बीच सम्पन्न हुआ देहदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ मेडिकल कॉलेज स्टाफ और संत रामपाल के अनुयायी के समझाने पर मान गए ग्रामीण

जिला कोंडागांव के ग्राम भीरागांव पटेलपारा निवासी जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के अनुयायी त्रिनाथ नेताम की माता मनई बाई नेताम का देहांत हो गया। इसी बीच संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने बताया कि जगदलपुर में आयोजित महासत्संग में मुनीन्द्र धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा देहदान का कार्यक्रम रखा गया है।

इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर, मनई बाई नेताम और उनके पुत्र ने देहदान का संकल्प लिया था। जब देहांत के ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### जनपद सभापति अंतिम दिन आवास योजना के सर्वे में हुए शामिल



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत लोहत्तर में अंतिम दिवस पर जनपद सभापति विकास राजु नायक ने समीक्षा किया और स्वयं जाकर बचे पात्र लाभार्थीयों का आवास प्लस प्लस का सर्वे करवाया। उन्होने कहा कि प्रसाशन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2024 में योग्य परिवारों का आवास सर्वे 15 मई तक पूरा करने का निर्देश दिया गया था। लोहत्तर में आवास प्लस प्लस के माध्यम से लगातार प्रतिदिन रोजगार सहायक पूनम देहारी, पंचायत सचिव कंशकुमार चुरेंद्र, आवास मित्र सुधीर जैन सहित सभी मेट ने सर्वे किया है। पीएम आवास योजना का मुख्य लक्ष्य गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले हर परिवार को अपना खुद का घर होना चाहिए।

### साय सरकार ने दिलाया पक्का मकान

**कांकेर।** अतिसंवेदनशील ग्राम छोटेबेठिया में आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में ग्राम सिरपुर पीवी 93 के ग्रामीण शंकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना से उनके जीवन में हुए सकारात्मक और ऐतिहासिक परिवर्तन के बारे में जानकारी देते हुए मंच से बताया कि उनका परिवार अति गरीब है और परिवार के सभी सदस्य कच्चे मकान में एक साथ रहने को तैयार नहीं थे। विरासत में पिता से भी कुछ खास संपत्ति नहीं मिली थी कि अपने परिवार के लिए पक्का मकान बना पाते। उन्होंने बताया कि दो साल पहले प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रकरण स्वीकृत हुआ और अब उनका खुद का पक्का घर तैयार हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक आदर्श पिता की तरह पक्का मकान दिलाया, जो किसी सपने के साकार होने से कम नहीं है।



### हाराडुला व कोदापाखा में समाधान शिविर आज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार सुशासन तिहार के तहत आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में निर्धारित क्लस्टर तथा तिथि अनुसार जनपद पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आज 16 मई को जनपद पंचायत चारामा के क्लस्टर हाराडुला अंतर्गत ग्राम भिरौद, भिलाई, पण्डरीपानी, करिहा, तुएगहन, हाराडुला, जेपरा, किलेपार, गितपहर, हल्बा, भानपुरी और रानीडांगरी के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के क्लस्टर कोदापाखा अंतर्गत ग्राम भण्डारडिगी, मेड़ो, बांगाचार, पाउरखेड़ा, कोदापाखा, दुर्गुकोंदल, खुटगांव, कर्रामाण्ड, सिंहारी और सुखई के ग्रामीण सम्मिलित होंगे। समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणजन पहुंचकर राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लें।

## सफलता : जिला अस्पताल में ट्रिपलेट बालिकाओं का सफल उपचार

# तीनों बेटियां देवी का रूप, जिला अस्पताल ने उन्हें दिया नवजीवन : माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

■ सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र की मां बनी तीन बेटियों की जननी, एक माह तक चला इलाज

जिला अस्पताल में एक अत्यंत दुर्लभ और जटिल चिकित्सकीय मामला सफलतापूर्वक संभाला गया। सुदूर नक्सल प्रभावित ग्राम कर्मरी, नारायणपुर की 26 वर्षीय महिला घसनी गोता ने 17 अप्रैल 2025 को तीन बालिकाओं (ट्रिपलेट्स) को जन्म दिया। यह प्रसव न केवल इसलिए जटिल था क्योंकि यह एक साथ तीन शिशुओं का था, बल्कि इसलिए भी क्योंकि जन्म के समय तीनों बच्चियों का वजन सामान्य से काफी कम करीब डेढ़ किलोग्राम था। गर्भ में विकास की धीमी गति के कारण बच्चों की स्थिति अत्यंत नाजुक थी।

जन्म के तुरंत बाद तीनों नवजातों को जिला अस्पताल की विशेष नवजात देखभाल इकाई एसएनसीयू में भर्ती किया गया। वहां उनका इलाज सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद भोंयर के नेतृत्व में मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीक्षा तिवारी व डॉ. अभिलाषा अग्रवाल की निगरानी में किया गया। वहीं नर्सिंग इंचार्ज वनिता जैकब एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ ने दिन-रात समर्पण के साथ बच्चियों की देखभाल की।



### रंग लाई मेडिकल स्टॉफ की मेहनत

*तीनों शिशुओं को ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए सिपैप पर रखा गया। प्रारंभिक लक्षणों से उनमें नेक्रोटाइजिंग एंटरोकोलाइटिस नामक गंभीर बीमारी की आशंका जताई गई थी, जो नवजातों में आंतों से जुड़ी एक खतरनाक स्थिति होती है। लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सों की अथक मेहनत और देखभाल के चलते बच्चियों की हालत में धीरे-धीरे सुधार हुआ। लगभग एक महीने की सतत चिकित्सा सेवा और गहन देखभाल के बाद 14 मई 2025 को तीनों बालिकाओं को स्वास्थ्य लाभ के साथ अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डिस्चार्ज के समय बच्चियां स्थिर व स्वस्थ थीं।*

### माता-पिता ने मेडिकल स्टॉफ को दिया धन्यवाद

*बच्चियों के माता-पिता ने भावुक होकर डॉक्टरों और अस्पताल के स्टाफ को धन्यवाद दिया और कहा कि उनके लिए ये तीनों बेटियां देवी का रूप हैं, और जिला अस्पताल की टीम ने उन्हें नया जीवन दिया है। इस अद्वितीय उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसएस राज ने सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद भोंयर और उनकी पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे जटिल मामलों में समर्पण और टीम भावना से ही सफलता संभव होती है। जिला अस्पताल नारायणपुर की टीम ने यह सिद्ध कर दिखाया है।*

# प्राथमिक स्कूलों को दाल-भात केंद्र बना रही सरकार : मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने सरकार पर प्राथमिक विद्यालयों को "दाल-भात केंद्र" में बदलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा अपनाई जा रही दोषपूर्ण युक्तियुक्तिकरण प्रक्रिया से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि सेटअप में बदलाव कर शिक्षकों की संख्या कम की गई, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इस बयान का समर्थन संयुक्त कर्मचारी परिषद केसकाल और कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोंडागांव के सह-संयोजक लोकेश गायकवाड ने भी किया है।



मिश्रा ने कहा कि परीक्षा परिणाम खराब होने पर अधिकारियों पर कार्रवाई की जाती है, लेकिन शिक्षकों की संख्या घटाकर शालाओं को और कमजोर किया जा रहा है। अधिकांश प्राथमिक स्कूलों में केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं, ऐसे में पाँच कक्षाओं का संचालन असंभव है। उन्होंने पूछा कि बार-बार युक्तियुक्तिकरण की आवश्यकता क्यों पड़ती है और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती?

लोकेश गायकवाड ने आरोप लगाया कि प्रदेश में शिक्षक भर्ती की घोषणा और युक्तियुक्तिकरण एक साथ चल रहे हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बनी है। उन्होंने कहा कि यदि अतिथि शिक्षक की जगह नियमित शिक्षक आता है, तो अतिथि शिक्षक को हटाया जाना चाहिए, न कि नियमित शिक्षक को अतिशेष माना जाए।

**पालक जागो अभियान चलाने की दी चेतावनी-** फेडरेशन ने सरकार से 2008 के सेटअप के अनुसार युक्तियुक्तिकरण लागू करने की मांग की है। उन्होंने ऐलान किया कि यदि शिक्षक हितों से खिलवाड़ हुआ तो पालक जागो अभियान चलाकर व्यापक विरोध किया जाएगा और आवश्यकता पड़ी तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान पर कांग्रेसियों ने एमपी के मंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ देश की एकता और सामाजिक सद्भाव पर है खुला हमला : सलाम



देश की जाबांज बेटी भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह के द्वारा की गई शर्मनाक व अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा सर्किट हाउस के पास मंत्री का पुतला दहन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभद्रा सलाम ने कहा कि मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह के द्वारा भारतीय सेना की वीरांगना कर्नल को आतंकवादियों की बहन कहकर सोशल मीडिया में कहा गया। घृणित और राष्ट्र विरोधी बयान न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि भारतीय सेना की गरिमा, देश की एकता और सामाजिक सद्भाव पर भी खुला हमला है। यह बयान मंत्री की संकीर्ण मानसिकता, सांप्रदायिक विद्वेष और गैर जिम्मेदारना रवैया का भी नमूना है, जो उन्हें एक जनप्रतिनिधि, विशेष कर मंत्री के पद के लिए पूरी तरह अयोग्य सिद्ध करता है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने अपनी वीरता और देशभक्ति से देश का मान बढ़ाया है ऐसे व्यक्तित्व पर हमला उनकी व्यक्तिगत गरिमा पर प्रहार और भारतीय सेना एवं जन भावनाओं का भी अपमान है। देश की जिस बहादुर बेटी ने भारतीय सेना के शौर्य को बयां कर हम सब का सीना चौड़ा कर दिया था। एमी के मंत्री ने देश की बहादुर बेटी को आतंकवादियों की बहन बताकर भारत माता के सीने में खंजर घोंपा है। कांग्रेस कमेटी यह मांग करती है कि मंत्री को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त किया जाए एवं उनके खिलाफ देशद्रोह सहित कठोर कानूनी कार्यवाही किया जाए और साथ ही मंत्री एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कर्नल सोफिया कुरैशी से सार्वजनिक माफी मांगे।

### ये रहे उपस्थित

*पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश सचिव जनकनंदन कश्यप, हेमंत ध्रुव, विजय ठाकुर, पुरुषोत्तम गजेन्द्र, राजेश भास्कर, बसन्त यादव, नितिन पोटाई, सरजू शोरी, रूपसिंह पोटाई, पुरषोत्तम पाटिल, मुकेश ठक्कर, लोमेन्द्र यादव, यासीन कराणी, मनोज जैन, रोमनाथ जैन, अजय रेणु, दुर्गेश ठाकुर, इन्द्रजीत विश्वास, किशोर मरकाम, नवली मंडावी, झरना ध्रुव, मृदुला भास्कर, सुलोचना मेश्राम, विष्णु नेताम, मुकेश तिवारी, ओमप्रकाश देवांगन, उमेश साहू, तारस सिन्हा, अमित साहू, अमन गायकवाड़ आदि उपस्थित रहे।*

# कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया पीएम श्री एमजीएम स्कूल समर कैंप का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना, आत्मविश्वास बढ़ाने पर दिया जोर

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को पीएम श्री एमजीएम स्कूल में आयोजित समर कैंप का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगोली, पेंटिंग, क्राफ्ट वर्क, डांस और हैंडीक्राफ्ट जैसी गतिविधियों की सराहना की।

कलेक्टर ने बच्चों की पब्लिक स्पीकिंग और कम्युनिकेशन स्किल्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को मंच प्रदान कर पब्लिक में बोलने के अवसर दिए जाने चाहिए, जिससे उनके आत्मविश्वास का विकास हो सके। उन्होंने समर कैंप को और अधिक रचनात्मक बनाने की सलाह दी और बच्चों को उससे जुड़ाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को चॉकलेट वितरित की और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, प्राचार्य, डीएमसी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा खंड स्त्रोत समन्वयक उपस्थित रहे। सभी ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। साथ ही उपस्थित पालकों ने भी समर कैंप के आयोजन की सराहना की।





# सुभाष वार्ड में अस्थायी राशन दुकान का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांकेर के सुभाष वार्ड की आमजनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अस्थायी राशन दुकान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक द्वारा किया गया। शहर के सुभाष वार्ड में अस्थायी राशन दुकान का शुभारंभ करते नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशों पर आम जनता को अधिक से अधिक सुविधा पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए हमारी सरकार दृढ़संकल्पित है। सरकार के खाद्य विभाग की नई गाइडलाइंस के तहत घर-घर तक राशन पहुंचे यह सरकार का प्रयास है, जिसके लिए राशन दुकान की संख्या भी बढ़ाई जा रही है, ताकि लोगों को राशन लेने में दिक्कतों का सामना न करना पड़े। नगर पालिका के अध्यक्ष ने वार्डवासियों को जानकारी देते हुए कहा कि स्व सहायता समूह द्वारा पारदर्शिता के साथ वार्डवासियों का विश्वास जीता जाएगा और अभी तक इस वार्ड के लोग दूसरे वार्ड स्थित उचित मूल्य के दुकान से राशन लेने जाते थे। अब अस्थायी राशन दुकान महात्मा गांधी स्कूल मैदान में बरसो पुरानी मांग पूरी हो चुकी है। स्थल निरीक्षण का कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही सुभाष वार्ड में स्थायी राशन दुकान बनाया जाएगा। पार्षद विकास अंभोरे ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार आने के बाद से छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास कार्य हो रहे है और आज गांव और नगर के अंतिम व्यक्ति तक शासन के योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सभी वार्डों में राशन दुकान संचालित करना एक महत्वपूर्ण योजना है। सुभाष वार्ड में भी अस्थायी राशन दुकान खुलने से लोगों को आसानी से राशन की उपलब्धता हो सकेगी एवं समय की बचत भी होगी। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव, शहर मण्डल अध्यक्ष दिनेश रजक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दीपक खटवानी, पार्षद चंद्रलोक ठाकुर, अजय सिंह रेणु, ओमप्रकाश देवांगन, पूर्व पार्षद मीना उके, संजयपुरी गोस्वामी एवं राशन दुकान की संचालिका वर्षा साहू, महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं समेत वार्डवासी मौजूद रहे।



# सीएम साय की सोच, गांवों व शहरों का हो समेकित विकास : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरादाह

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण में ग्रामों में समाधान शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों के आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी विभागीय अधिकारियों के द्वारा दी जा रही है। इसी क्रम में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन नरहरपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत उमरादाह में किया गया, जहां पर ग्रामीणों ने अपने आवेदन के निराकरण की जानकारी लिया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गांव, गरीब किसान के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सुशासन तिहार चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों व शहरों का चौतरफा और समेकित विकास हो, इसी सोच के साथ साय सरकार विभिन्न योजनाओं के जरिए प्रदेश को अग्रसर कर रही है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर और नरहरपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष सोमन कावड़े ने भी सुशासन तिहार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने की अपील ग्रामीणों से किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संजना वट्टी, खमन कांगे, प्रसांत भास्कर सरपंच ग्राम पंचायत उमरादाह, ईश्वरी कोर्राम, दयालू मरकाम, शिव प्रसाद उईके, नंद कुमार सिन्हा, राकेश कावड़े, गनेशिया शोरी, मानसाय जुर्री, मयाराम नरेटी, आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



# माओवाद के गढ़ में प्रशासन, ग्रामीणों से रूबरू होकर दिक्कतों का किया निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

माओवाद प्रभावित सुदूरवर्ती अतिसंवेदनशील ग्राम छोटेबेठिया में आयोजित समाधान शिविर में सिलसिलेवार ग्रामीणों के द्वारा बताई गई समस्याओं और मांगों पर कार्यवाही करते हुए निदान किया गया और कई ग्रामीणों की सरकार की योजनाओं के तहत सामगी भी सौंपी गई।

ग्रामीणों से कहा कि सरकार की योजनाओं के लाभ लेने के लिए स्वंय आगे आएं। विकासखंड कोयलीबेड़ा के अतिसंवेदनशील ग्राम छोटेबेठिया में आयोजित शिविर में जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दूरस्थ क्षेत्र में समाधान शिविर लगाए जाने का उद्देश्य शासन की योजनाओं की पहुंच अंतिम छोर तक सुनिश्चित हो। वंचितों और पिछड़े हुए लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिल सके, इसीलिए संवेदनशील क्षेत्र में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने मौजूद सभी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से रुबरु होने का आव्हान किया।

छोटेबेठिया में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुनीता मंडल, जनपद पंचायत कोयलीबेडा की अध्यक्ष श्यामबती मंडावी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में समाधान शिविर का लाभ उठाने की अपील ग्रामीणों से किया। मौके पर एसडीम पखांजूर एएस पैकरा सहित जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## पेज 11 के शेष

### चुनाव पर खर्च...

समय मे चुनाव के चलते लगभग एक से डेढ़ साल चुनाव आचार संहिता में निकल जाता है। बचे दो से ढाई साल में सरकार को अपना सर्वोच्च कार्य करने का समय मिलता है। इतने अल्प अवधि में सरकारें चाहते हुए भी शत प्रतिशत कार्य करने में सक्षम नहीं हो पाती। देश में पहला आम चुनाव 1952 में प्रारम्भ हुआ। 1952 से 1967 तक एक राष्ट्र एक चुनाव होता था। 1967 के बाद देश की तत्कालीन सरकार के हस्तक्षेप के चलते व्यवस्था में बदलाव हुआ और तब से आज तक अलग-अलग चुनाव की परिपाटी चली आ रही है। प्रधानमंत्री इसी परिपाटी को खत्म करने एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा समूचे देशवासियों के समक्ष लाया।कार्यक्रम का संचालन पार्षद नरसिंग राव ने किया। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने आभार व्यक्त करते जिला के सभी समाज,संगठन से प्रधानमंत्री के इस अवधारणा को आगे ले जाने समर्थन मांग आभार व्यक्त किया।

**ये रहे उपस्थित-** इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप,महापौर संजय पांडे,निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग,विद्याशरण तिवारी,शिवनारायण पांडे,श्रीनिवास मिश्रा,योगेंद्र पांडे,प्रकाश झा,रजनीश पाणिग्राही, रूपसिंह मंडावी,सुधा मिश्रा,अविनाश श्रीवास्तव, सुधीर पांडे समेत बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन से जुड़े प्रतिनिधि समेत मातृ शक्तियां और पुरुष कार्यकर्ता सम्मलित थे।

### आखिरकार कठिन...

पश्चात मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर से शव लेने एंबुलेंस गांव पहुँची, तब कुछ ग्रामीणों ने अज्ञानता के कारण इसका विरोध किया। देहदान के लिए शव सौंपने व पंचनामा करने से स्पष्ट रूप से इंकार कर दिया। हालांकि इन तमाम चुनौतियों के बावजूद, संत रामपाल के अनुयायियों ने हार नहीं मानी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के स्टाफ के सहयोग से गांववासियों को देहदान के महत्व के बारे में शांति और धैर्यपूर्वक समझाया। इस प्रयास से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने अपनी सहमति दी। इसके पश्चात सरपंच, पंच और अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पंचनामा सम्पन्न किया गया।

**देह को ले जाया गया मेडिकल कालेज जगदलपुर -** 15 मई को मनई बाई नेताम की देह को मेडिकल कॉलेज जगदलपुर ले जाया गया और इस प्रकार अनेक बाधाओं के बावजूद सफलतापूर्वक देहदान का पुण्य काम पूरा हो गया।

### 1229 अभ्यर्थियों ने...

व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत आज कृषि महाविद्यालय में स्नातक में प्रवेश के लिए पीएटी और वेटनरी पॉलीटेक्निक में प्रवेश के पीव्हीपीटी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए संभाग मुख्यालय जगदलपुर में 5 केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें पीजी कॉलेज धरमपुरा में 287, इंजीनियरिंग कॉलेज में 293, बालविहान स्कूल में 41, एमएलबी स्कूल में 373 और बस्तर हाईस्कूल में 235 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस तरह से पंजीकृत 1801 अभ्यर्थियों में 1229 परीक्षा में शामिल हुए और 572 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### सीबीएसई दसवीं में विद्यालय की टॉपर बनी यमुना



जगदलपुर। सीबीएसई बोर्ड कक्षा दसवीं में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार की होनहार छात्रा कु यमुना दीवान ने 81 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर विद्यालय स्तर की श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल करके विद्यालय व माता पिता का नाम रोशन किया है। प्राचार्य ने बच्चों के भविष्य को लेकर उनके आगे की सफलता की कामना की और विद्यालय की ओर से आगे वर्ष में ओर भी बेहतर परिणाम आने की उम्मीद जताई।

### विभिन्न विभागों ने शिविर में हितग्राहियों को किया लाभान्वित

# समाधान शिविर में मांगों एवं समस्या का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



**तीन बच्चों का हुआ अन्नप्राशन**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया एवं प्लास्टिक मुक्त दोने पत्ते से पौष्टिक आहारों का सुसज्जित प्रदर्शन किया गया।



**पेंशन प्रकरण का हुआ निराकरण**

संगीता देवी को विधवा पेंशन प्रकरण भी निराकृत कर लाभान्वित किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास अर्न्तगत नरविंद ककेम को नए घर की प्रतीकात्मक चाबी भेंटकर शुभकामनाएं दी गई।

सुशासन तिहार के तीसरे चरण में ग्राम पंचायत ईटपाल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत ईटपाल, बोरजे, चिन्नाकवाली, कांन्दुलनार, संतषपुर एवं मनकेली ग्राम पंचायतों के 1573 आवेदन प्राप्त हुऐ थे जिसका निराकरण कर विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। वहीं सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग के योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए प्रेरित किया गया।

सुशासन तिहार के समाधान शिविर में उपस्थित विशाल जन समुदाय को बाल विवाह मुक्त बीजापुर एवं नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। वहीं बाल विवाह के दुष्परिणाम को विस्तारपूर्वक समझाया गया एवं भावी पीढ़ी को नशे से निजात दिलाने के लिए प्रेरित किया गया।

समाधान शिविर के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के निराकरण पश्चात हितग्राहियों को मंच में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रमाण पत्र भी दिया गया। जिसमें राजस्व विभाग अन्तर्गत ईटपाल निवासी लक्ष्मण कड़यिाम एवं मांझीगुड़ा के मोहन मांझी को पट्टा प्रदाय किया वहीं संतषपुर के अमन पौल कुजूर, जोनसन कुजूर, को निवास प्रमाण पत्र एवं गोपाल पसपुल को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र दिया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा रामनाथ भोयर को वाल्किंग स्टिक, धर्माशिका तेलम को व्हील चेयर एवं कुलदीप चालकी धर्माशिका तेलम एवं हरिशंकर को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इसी तरह पंचायत विभाग अन्तर्गत निरमती राना, सुरेन्द्र नाथ राना, बृजलाल मांझी, नागेश्वर अमांद, रामबाई मडे, मुन्नी लिंगम को व्यक्तिगत शौचालय की सौगात दी गई।

शिविर के माध्यम से शामिल सभी पंचायतों को 2-2 हैण्डपंप इस तरह कुल 12 हैण्डपंप स्वीकृत किए गए। वहीं शिविर के माध्यम से जैतालूर मंदिर में श्रृंगार गृह निर्माण, प्राथमिक शाला जैतालूर ईटपाल का जीर्णोद्वार कार्य, यात्री प्रतिक्षालय निर्माण कार्य गंगालूर रोड पामलवाया नर्सरी के पास एवं 03 मीटर स्पान पुलिया पोजेर मार्ग पर सीसी सड़क निर्माण 480 मीटर पेदाकवाली से पुराना सरपंच पारा तक, सीसी सड़क 480 मीटर नयापारा स्कूल से दिलीप के घर तक, 03 मीटर स्पान पुलिया निर्माण कार्य जब्बेपारा से कुड़यिम पारा कांदुलनार, नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, कुड़यिमपारा (मुरियापारा) कांदुलनार, 1.50 मीटर स्पान पुलिया मेनरोड कोत्तापाल बोरजे जिसका प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु बजट आबंटन के आधार पर जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृति की कार्यवाही किया जाएगा।

## 3 लाख का गांजा व 20 लाख का ट्रक जब्त



हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ओडिशा के रास्ते गांजा की तस्करी कर रहे मध्यप्रदेश के तस्कर को नगरनार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 3 लाख का गांजा, 20 लाख रूपए कीमत का राजस्थान का ट्रक, मोबाईल, कच्चा नारियल व अन्य सामान जब्त किया है। पड़ोसी राज्य ओडिशा से हो रही मादक पदार्थ के परविहन पर अकुंश लगाने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 के करीब नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 9297 को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक में कच्चा नारियल भरा हुआ था लेकिर ट्रक के केबिन को जांच करने पर नीचे तीन सफेद रंग की सफेद बोरियों में कुल 30 पैकेट वजन 30.130 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 3 लाख रूपए तथा ट्रक की कीमत 20 लाख रूपए आंका गया है। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से एक मोबाईल, कच्चा नारियल व नगद 150 रूपए जब्त किया गया। आरोपी पवन पुरी गोस्वामी 38 साल निवासी कुंभराज थाना कुंभराज जिला गुना मध्यप्रदेश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख), (ग) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

**बार्डर में जांच तेज**

गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई दिनेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, धरम कश्यप, आरक्षक दशरू नाग, वेदप्रकाश देशमुख व छगन ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि पड़ोसी राज्य ओडिशा से गांजा के अवैध परिवहन रोकने बार्डर में आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है।

## कृत्रिम श्वसन देने की विधि को छात्राओं ने जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ अस्पताल के प्रयोगशाला में खून जांच की प्रकिया से हुए अवगत



प्राचार्य डॉ. राजीव गुहे के मार्गदर्शन में शासकीय दंतेश्वरी पी.जी. महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने आज प्रायोगिक एवं शैक्षणिक विषय के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गीदम रोड, जगदलपुर में प्रायोगिक एवं शैक्षणिक कार्य के तहत प्रयोगशाला भ्रमण किया।

इस अवसर पर छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग की टीम डॉ. एंजल पलक, डॉ. रेखा चौहान (फिजियोथेरेपिस्ट), नरेश मरकाम, प्रशांत श्रीवास्तव, यशोदा जोशी, सुंदर मरकाम का सहयोग प्राप्त हुआ।

चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में उपचार, कृत्रिम श्वसन देने की विधि, पट्टी बाँधने की प्रक्रिया, कीटों से बचाव आदि के बारे बताया गया। प्रयोगशाला परिचारक द्वारा छात्राओं को रक्त एवं मूत्र के नमूनों से की जाने वाली विभिन्न जाँचों हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिया, ब्लड प्रेशर आदि के बारे में जानकारी दी गई। प्रायोगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण में गृह विज्ञान विभाग की प्राध्यापिकाएं डॉ. तृप्ति खनंग, डॉ. आकांक्षा मिश्रा, डॉ. पूनम सोनी उपस्थित रहीं।

## टंकराम एवं केदार का एयरपोर्ट में स्वागत...



जगदलपुर। प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप गुरुवार को दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे जहां भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।

## आंगनबाड़ी के बच्चों अक्षरी ज्ञान के साथ सामान्य ज्ञान में भी दिखा रहे रुचि

हरिभूमि न्यज ▶▶| दुर्गूकोंदल

ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत कोदापाखा आश्रित पारा बोकराटोला आंगनबाड़ी के बच्चे पिछले दिनों मीडिया एवं सोशल मीडिया में काफी चर्चा में आए हुए हैं। इस आंगनबाड़ी के बच्चे सामान्य जानकारी का अच्छा ज्ञान रखते हैं। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सिया बाई ध्रुव ने कहा कि मेरे आंगनबाड़ी के बच्चों को अक्षर ज्ञान, गिनती के अलावा सामान्य जानकारी सिखाती हूं। जो कि बच्चे आसानी से सीख जाते हैं। पिछले दिनों हमारे आंगनबाड़ी के बच्चों का वीडियो वायरल हुआ था, जिससे मैं काफी उत्साहित हूं। इन नन्हे बच्चों का सपना बहुत बड़ा है। मेरे आंगनबाड़ी के नमन कोवाची कलेक्टर एवं पीयूष नरेटी आर्मी में जाना चाहता है। हमारे क्लस्टर ग्राम कोडपढ़ा में 16 मई को समाधान शिविर में कलेक्टर का आगमन होने की जानकारी बच्चों को बताया। तो मेरे आंगनबाड़ी के बच्चे कलेक्टर से मिलने की जिज्ञासा रखे हैं।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर फायरिंग करने वाला प्रधान आरक्षक निलंबित

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ आरोपी प्रधान आरक्षक हिरासत में, सर्विस रिवाल्वर भी जब्त

हमले के दौरान साथी ने बनाया विडियो, पेड़ों की आड़ में छुपते दिखे लोग



बीजापुर जिला उपाध्यक्ष पर प्रधान आरक्षक द्वारा सर्विस रिवाल्वर से गोली चलाने के मामले में एसपी बीजापुर ने प्रधान आरक्षक जलेन कुमार कर्मा को निलबिंत कर दिया है। घटना बुधवार शाम की बताई जा रही है जब प्रधान आरक्षक ने हुए विवाद के बाद घर से सर्विस रिवाल्वर लाकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष लवकुमार रायडू पर फायरिंग कर दी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी बीजापुर जितेन्द्र यादव ने प्रधान आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलबिंत कर दिया है। वहीं पूरे मामले पर अग्रिम कार्रवाई के साथ ही विभागीय कार्रवाई भी की जा रही है।

गौरतलब है कि बुधवार शाम लगभग 5 बजे बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना से लगभग 3 किमी दूर एक खुले स्थान पर हेड कांस्टेबल वाहन चालक जलन कुमार कर्मा अपने परिचित भाजपा नेता लव कुमार रायडू तथा अन्य दो व्यक्तियों से मिलने गया हुआ था इसी दौरान आपस में किसी बात को लेकर बहस हो गई। बहस के दौरान आवेश में आकर हेड कांस्टेबल जलन कुमार कर्मा ने अपनी सर्विस रिवाल्वर निकालकर हवा में फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में भाजपा नेता बाल बाल बच गए। और इस पूरे वारदात का मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने विडियो भी बनाया जिसमें प्रधान आरक्षक व भाजपा नेता के बीच बहस होता दिख रहा है इस दौरान प्रधान आरक्षक के हाथों में रिवाल्वर भी साफ नजर आ रहा है। वहीं गोली चलने के दौरान आसपास खड़े लोग पेड़ों की आड़ में झुपते नजर आ रहे है।

मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक को हिरासत में लेकर उसका सर्विस रिवाल्वर भी जब्त कर लिया। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी द्वारा तत्काल प्रभाव से प्रधान आरक्षक को निलंबित कर विभागीय व कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिया गया। भैरमगढ़ पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# अंतागढ़ खो रहा है अपनी पहचान, बीएसपी प्रबंधन लोगों के साथ कर रही धोखा : अनूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

■ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मस्त है, लेकिन जनता पस्त है



अंतागढ़ इन दिनों अपने पहचान और विकास के मामले में उपेक्षित महसूस कर रहा है। किसी भी मामले में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मस्त है, लेकिन जनता पस्त है। पूर्व विधायक अनूप नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा। पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने रावघाट क्षेत्र से कांकेर की दूरी को देखते हुए अंतागढ़ में अपर कलेक्टर की पदस्थापना की गई, ताकि लोगों को सुविधा हो। अंतागढ़ में अपर कलेक्टर की पदस्थापना होती रही, इससे अंतागढ़ विधानसभा के पक्षकारों को न्यायालयीन कार्य में सुविधा होने लगी। विगत दिनों अंतागढ़ के अपर कलेक्टर के अन्यत्र स्थानांतरण के बाद दूसरे अपर कलेक्टर की अब तक पदस्थापना नहीं हुई है।कांकेर के अपर कलेक्टर को अंतागढ़ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया, अब स्थिति यह होगी कि पक्षकारों को तकलीफ होगी और अपर कलेक्टर पदस्थापना करने का उद्देश्य क्षीण होगा। रावघाट क्षेत्र की जनता इन दिनों बीएसपी द्वारा ठगा महसूस कर रहे है। खदान शुरू होने से पहले जो सुविधा का वादा या सब्जबाग क्षेत्र की जनता को दिखाया गया था पूरी तरह नकारता हुआ नजर आ रहा है। क्षेत्र की जनता विधायक एवं सांसद से भेंटकर अपनी भावनाओं से अवगत करा चुके है, लेकिन कोई नतीजा निकलता नहीं दिखाई दे रहा है। बीएसपी किसी की परवाह किए बिना लोगों को अनदेखा कर क्षेत्र का दोहन करने में लगा हुआ है। पिछले दिनों सांसद ने बीएसपी द्वारा रावघाट क्षेत्र में करोड़ों रूपए में किए गए विकास के स्थल सत्यापन किया गया था। क्षेत्र की जनता जानना चाहती है क्या रिकॉर्ड में दिखाए गए करोड़ों रुपए के विकास कार्य धरातल में पाया गया जनता के सामने रखा जाए, यदि नहीं पाया गया तो क्या सांसद ने इस मामले को लेकर सेल के उच्चाधिकारियों केंद्रीय इस्पात मंत्री से कोई पत्राचार किया है।

## लंबित मांगो को लेकर पेंशनर्स महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा मांगपत्र



हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रांतीय इकाई के आव्हान पर गुरुवार को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग का प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर बस्तर हरीश एस से मिलकर लंबित मांगों की ओर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए मुख्यमंत्री छ गढ़ शासन एवं मुख्य सचिव के नाम का माँगपत्र सौंपा गया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल के द्वारा बस्तर जिले में प्रत्येक महीने के अंत में सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सेवा काल के अंतिम दिन जिला कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित कर सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के हाथों में पेंशन प्राधिकार पत्र दिए जाने बाबत कार्य की सराहना करते हुए उन्हें संगठन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पेंशनरों की मांग पर कार्यालय खोलने के लिए भवन उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिया। इस दौरान वालों में आर एन ताटी किशोर कुमार जाधव शिव कुमार मिश्रा एसडी माझी,डी एस नेताम, विजय चंद्र दास, पीएस ठाकुर, एलएस नाग, अशोक रावत, चंद्रशेखर पांडे, विनय भूषण पांडे डॉ सुषमा झा एवं करमजीत कौर इत्यादि सम्मिलित थे।

# विद्यालय में सामूहिक सहभागिता को बढ़ाने हमर शाला के गोठ विषय पर कार्यशाला

हारिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ शत प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति, ठहराव एवं बच्चों की बेहतर सीख में बढ़ोतरी व विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताएं



विद्यालयों में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को बकावंड में इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय 'हमर शाला के गोठ' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में बैठक में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति, ठहराव एवं बच्चों की बेहतर सीख में बढ़ोतरी व विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताएं, शिक्षा प्रबंधन समिति की भागीदारी आदि पर विस्तार से चर्चा की गई.

बैठक की अध्यक्षता जनपद सीईओ परमेश्वर कुर्रे, मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनबारी भद्रे, विशेष अतिथि तरुण पांडे एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष रीमाधर बघेल, उपाध्यक्ष गोपाल कश्यप, सचिव संतोष कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष धनपति, संयोजक संरक्षक दुर्लभ सूर्यवंशी, कमल मौर्य, मीडिया प्रभारी नीलम कश्यप, मधुसूदन, संतोष एवं सरपंच गण एवं बीईओ श्रीनिवास मिश्रा एवं बीआरसी सोनसिंग बघेल की उपस्थित में सम्पन्न हुआ।

इस दौरान बीआरसी सोन सिंह कश्यप द्वारा बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्राप्ति के लिए ग्राम पंचायत स्तर में सामुदायिक सहभागीता को बढ़ाने हेतु विशेष सहयोग का आग्रह जनप्रतिनिधियों से किया गया। इस दौरान इंडिया एजुकेशन कलेक्टिव के डिसट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अशोक बघेल एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमति हितेश्वरी साहू व इंद्रजीत सहित बकावंड विकासखंड के 75 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं जनपद सदस्य उपस्थित रहे।

